# उन्नाव में खुलेगा डिजाइन स्टूडियो, लेदर फैशन का ट्रेनिंग सेंटर

कानपुर। चमड़ा उद्योग के लिए अच्छी खबर है। उन्नाव स्थित केएलसी कॉम्प्लेक्स में भारत सरकार ने डिजाइन स्टूडियो और लेदर फैशन का प्रशिक्षण केंद्र खोलने की स्वीकृति दे दी है।

इस स्टूडियो का निर्माण सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की जिला निर्यात हब योजना एवं एक्जिम बैंक ऑफ इंडिया की ग्रासरूट्स इनिशिएटिव फॉर डेवलपमेंट कार्यक्रम के तहत किया जाएगा। इस स्टूडियो से लेदर फैशन और लेदर गुड्स क्लस्टर की एमएसएमई यूनिटों को नए-नए डिजाइन के साथ-साथ जॉब वर्क करने का लाभ भी मिलेगा। चर्म निर्यातकों का कहना है कि डिजाइन स्टूडियो के खुलने से नए-नए डिजाइनर तैयार हो सकेंगे। संवाद